छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
ः◌ः◌ः मंत्रालय:◌ः
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
E mail - gad5-section@cg.gov.in, Phone No. 0771-2503344

F.N.-GENCOR-35/9222/2026-GAD-5 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 02-11-2026

प्रति,

भारसाधक सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
समस्त विभाग, मंत्रालय,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त कलेक्टर्स,
छत्तीसगढ़।

विषय:- भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) कार्य में संलग्न अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानांतरण आगामी 6 माह अथवा जनगणना कार्य समाप्ति तक नहीं करने के संबंध में।

--◌ः00◌ः--

उपरोक्त विषयांतर्गत निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, छत्तीसगढ़, रायपुर से प्राप्त पत्र क्रमांक आई-11011/06/2025/जन/डीसीओ (छ.ग.), दिनांक 29.10.2026 की प्रति संलग्न प्रेषित है।

2/ जनसंख्या गणना का फील्ड कार्य, छत्तीसगढ़ राज्य में माह जनवरी-फरवरी 2027 में संपादित किया जाना है। वर्तमान में, 12 अक्टूबर 2026 से, जिला स्तर पर जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय स्तर पर तथा तहसील स्तर पर, चार्ज अधिकारियों का सघन प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है। इसके बाद, नवंबर 2026 में मास्टर ट्रेनर्स, 01 दिसंबर 2026 से फील्ड ट्रेनर्स, 16 दिसंबर 2026 से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को, इस प्रकार, पूरे मैदानी अमले को, जनगणना 2027 द्वितीय चरण, जनसंख्या गणना की समस्त प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

अतः, निर्देशानुसार, अनुरोध है कि, जनगणना 2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के सुचारु, गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध कार्य सम्पादन हेतु, राज्य के जनगणना कार्य में लगाए गए व प्रशिक्षण पा चुके, समस्त जिला एवं चार्जों में, कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी (जिला /चार्ज अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक, इत्यादि) का स्थानांतरण, आगामी 06 माह अथवा जनगणना कार्य पूर्ण होने तक (लगभग मार्च 2026), जो भी पूर्व हो, यथासंभव स्थानांतरित न किया जावे।
संलग्नः-उपरोक्तानुसार।

Digitally signed by
MANOJ KUMAR JAISWAR
Date: 02-11-2026
14:49:09
(मनोज कुमार जयसवार)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृष्ठां. **F.N.-GENCOR-35/9222/2026-GAD-5** नवा रायपुर, दिनांक 02-11-2026

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, छत्तीसगढ़, जनगणना भवन, प्लॉट नंबर-10, सेक्टर-24, झाँझ, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर

2. अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नवा रायपुर

की ओर सूचनार्थ।

सत्यमेव जयते

भारत सरकार, गृह मंत्रालय

Government of India, Ministry of Home Affairs

जनगणना कार्य निदेशालय, छत्तीसगढ़

DIRECTORATE OF CENSUS OPERATIONS, CHHATTISGARH

आई-11011/06/2025/जन/डीसीओ(छ.ग.)/ दिनांक /10/2026

प्रति,

प्रमुख सचिव एवं राज्य नोडल अधिकारी (जनगणना)
छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग
मंत्रालय,महानदी भवन,
नवा रायपुर अटल नगर

विषय: भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) कार्य में संलग्न अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानांतरण आगामी 6 माह अथवा जनगणना कार्य समाप्ति तक नहीं करने के संबंध में ।

संदर्भ :- 1) अर्धशासकीय पत्र सं. 9/12/2026-CD(Cen), दिनांक 11 मार्च 2026
2) जनगणना कार्य निदेशालय के पत्र क्र आई-11011/09/2025/जन/डीसीओ(छ.ग.), दिनांक 13.03.2026

महोदया,

कृपया संदर्भ पत्र क्र.1) व 2) का अवलोकन करना चाहेंगे। उनके परिप्रेक्ष्य में, उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, छत्तीसगढ़ राज्य में जनगणना 2027 प्रथम चरण, मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य, दिनांक 01/05/2026 से 30/05/2026 के दौरान, सफलतापूर्वक संपादित किया जा चुका है। जनगणना 2027 द्वितीय चरण, जनसंख्या गणना का फील्ड कार्य, छत्तीसगढ़ राज्य में माह जनवरी-फरवरी 2027 में संपादित किया जाना है । वर्तमान में, 12 अक्टूबर 2026 से, जिला स्तर पर जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय स्तर पर तथा तहसील स्तर पर, चार्ज अधिकारियों का सघन प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है। इसके बाद, नवंबर 2026 में मास्टर ट्रेनर्स, 01 दिसंबर 2026 से फील्ड ट्रेनर्स, 16 दिसंबर 2026 से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को, इस प्रकार, पूरे मैदानी अमले को, जनगणना 2027 द्वितीय चरण, जनसंख्या गणना की समस्त प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

जनगणना 2027, द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) का कार्य पूर्णतः तकनीकी, समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ संपादित किया जाना है। अतः वर्तमान में, जनगणना कार्य मे संलग्न अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेश जारी होने पर (राज्य, संभाग, जिला स्तर पर), जो व्यक्ति प्रशिक्षण पाकर स्थानांतरित हो रहे हैं, उससे अनेक तकनीकी व प्रशासनिक व्यावहारिक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। प्रशिक्षित अमले का स्थानांतरण होने पर, नए अधिकारियों/कर्मचारियों को अल्प समय में पुनः प्रशिक्षित कराना, उन्हे अपना मैदानी कार्यक्षेत्र

समझना और वहाँ पर स्थानीय समन्वय बनाकर रखना, व्यावहारिक रूप से कठिन भी है और कार्य की गुणवत्ता को प्रभावित भी करता है। इसका विपरीत असर मैदानी स्तर पर, जनगणना के दौरान महसूस हो सकता है।

अतः आपसे सादर अनुरोध है कि, जनगणना 2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के सुचारु, गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध कार्य सम्पादन हेतु, राज्य के जनगणना कार्य में लगाए गए व प्रशिक्षण पा चुके, समस्त जिला एवं चार्जों में, कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी (जिला /चार्ज अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक, इत्यादि) का **स्थानांतरण, आगामी 06 माह अथवा जनगणना कार्य पूर्ण होने तक (लगभग मार्च 2026), जो भी पूर्व हो, यथासंभव नहीं करने** के संबंध में, युक्तियुक्त कदम उठवाने का कष्ट करें।

संलग्न- 1) अर्धशासकीय पत्र (02 पेज)

2) जनगणना कार्य निदेशालय का पत्र (01 पेज)

Digitally signed by KARTIKEYA GOEL
Date: 29-10-2026 13:30:22

भवदीय

कार्तिकेया गोयल, भा.प्र.से.
निदेशक

प्रतिलिपि: स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव कार्यालय, छत्तीसगढ़ शासन, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर, मुख्य सचिव महोदय के संज्ञान मे लाने हेतु, सूचनार्थ प्रेषित ।